**बायोटेक्नोलॉजी विभाग**

**भारत सरकार**

**डीबीटी-बीआईआरएसी द्वारा अमृत टीम अनुदान के लिए आमंत्रित किए गए प्रस्ताव**

**पृष्ठभूमि:** बायोटेक्नोलॉजी विभाग (डीबीटी), भारत सरकार ने जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद (बीआईआरएसी) के साथ साझेदारी में "अमृत टीम अनुदान" की घोषणा की है।

**अमृत टीम अनुदान:** यह नए और अभिनव सहयोगी विज्ञान का समर्थन करेगा; शिक्षाविदों और स्टार्टअप्स को शामिल करते हुए अंतःविषयी प्रयासों के माध्यम से राष्ट्रीय प्राथमिकता की महत्वाकांक्षी और चुनौतीपूर्ण समस्याओं का समाधान किया जाएगा जो मात्र एक प्रयोगशाला के दायरे से बाहर है। इस पहल का उद्देश्य उत्कृष्ट विज्ञान को बढ़ावा देना, अनुसंधान में तालमेल बनाकर और बहु-संगठनात्मक सहयोग को बढ़ावा देकर उच्च गुणवत्ता वाले अनुसंधान को सामाजिक आवश्यकताओं के अनुरूप संतुलित करना है।

**उद्देश्य क्षेत्र:** स्वास्थ्य सेवा, कृषि, पादप, पशु जैव प्रौद्योगिकी और जैव विनिर्माण सहित जैव प्रौद्योगिकी के सभी क्षेत्रों में प्राप्त प्रस्तावों पर विचार किया जाएगा। प्राप्त होने वाले आवेदनों का मूल्यांकन उनकी प्रासंगिकता, जोखिम, परिवर्तनकारी प्रभाव और वैज्ञानिक महत्व की प्रगति के आधार पर किया जाएगा।

आवेदन प्रारूप, पात्रता मानदंड, वित्त पोषण तंत्र, चयन प्रक्रिया और अन्य विवरणों के लिए कृपया अमृत अनुदान-कार्यक्रम दिशानिर्देश (https://dbtindia.gov.in) देखें।

आवेदन समन्वय पीआई द्वारा सभी सहभागी संगठनों के सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के साथ डीबीटी ई-प्रोमिस पोर्टल- http://dbtepromis.nic.in (अकादमिक-अकादमिक सहयोगात्मक प्रस्तावों के लिए) या बीआईआरएसी पोर्टल- https://birac.nic.in (अकादमिक-स्टार्टअप सहयोगात्मक प्रस्तावों के लिए) के माध्यम से प्रस्तुत किया जा सकता है। आवेदन पत्र 20 नवंबर, 2024 को 23:59 बजे या उससे पहले प्रस्तुत किए जाने चाहिए। आमंत्रण की अंतिम तारीख के बाद या किसी अन्य माध्यम से प्रस्तुत किए गए किसी भी प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जाएगा।

वर्तमान आमंत्रण के अंतर्गत अधिकतम **15** प्रस्तावों का समर्थन किया जाएगा

**संपर्क विवरण:**

**डीबीटी**: डॉ. वार्ष्णेय सिंह, वैज्ञानिक-डी (varshneya.singh@dbt.nic.in) – अकादमिक – अकादमिक सहयोगात्मक प्रस्ताव

**बीआईआरएसी**: डॉ. अमिता जोशी, उप महाप्रबंधक (ajoshi.birac@nic.in) - अकादमिक - स्टार्ट-अप सहयोगात्मक प्रस्ताव

*****